an>

Ttile: Need to find a permanent solution to the dilapidated Railway GIP dam and maintain it properly.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देता हूं, आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में दो दिन पहले जब भारी बारिश के कारण फ्लड सिचुएशन आ गई थी, तब आपने स्वयं फोन करके, वहां की सिचुएशन का जायजा लिया था । इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में अम्बरनाथ में जीआईपी डैम है, जो रेलवे के अंडर है । यह ब्रिटिश कालीन डैम है । इस जीआईपी डैम के रिटेनिंग वॉल का पार्ट टूट गया है, उससे लाखों लीटर पानी खेतों में जा रहा है, जिससे हजारों किसानों का नुकसान हो चुका है । आज रेलवे का रेल नीर प्लांट उसके तट पर स्थित है, वहां पर रेलवे का नीर प्लांट काम कर रहा है और उससे पानी लिया जाता है । इसलिए आपके माध्यम से रेल मंत्रालय और रेल मंत्री से मेरी दरख्वास्त है कि आये दिन इस डैम में कुछ न कुछ होता ही रहता है, पिछले साल भी इस डैम को नुकसान पहुंचा था और उसे रिपेयर किया गया था, इसलिए इस डैम का कोई परमानेंट सोल्यूशन निकाला जाए और इस डैम को रिपेयर करने का काम किया जाए, जिससे आस-पास के शहरों – अम्बरनाथ, उल्हास नगर, कल्याण, डोंबिली, बदलापुर आदि को बचाया जा सके, क्योंकि यदि यह डैम टूट जाता है तो लाखों लोग प्रभावित होंगे, उनकी जान को भी खतरा हो सकता है । इसलिए जल्द से जल्द इस डैम का एक परमानेंट सॉल्यूशन निकाला जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और

श्री राहुल रमेश शेवाले को डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।